मैट्स यूनिवर्सिटी,

मैट्स लाईफ साईसेस विभाग में ओरिएन्टेशन कार्यक्रम का आयोजन

मैट्स स्कूल ऑफ बायोलॉजिकल एंड केमिकल साईंस विभाग द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी 2018—19 में नए विद्याथीर्यो के लिए दो दिवसीय ओरिएन्टेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया । इस कार्यक्रम के प्रथम दिवस में डॉ. एम.पी. ठाकुर डायरेक्टर एक्सटेंशन सर्विस, इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर छ.ग. के मुख्य अतिथि के साथ सी.जी कॉस्ट रायपुर के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. अमित दुबे द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया । इस अवसर पर डारेक्टर ट्रेनिग एंड प्लेसमेंट डॉ दीपका ढांढ के द्वारा नए विद्याथियों के समक्ष प्रेरणा दायक उतबोधन दिया गया ।

विभाग के विभागध्यक्ष डॉ. अमित कुमार दत्ता द्वारा स्वागत ज्ञापन किया गया । इस कार्यक्रम में विभाग के सभी प्राध्यापकगण एवं विश्वविद्यालय के सभी विभागध्यक्ष भी मौजूद थे।

मुख्य अतिथि डॉ. एम.पी. ठाकुर ने नए विद्याथीर्यो को अपने प्रेरक व्याख्यान द्वारा साईंस विषय के बायोट्रेक्नालॉजी एवं माइक्रोबायोलॉजी के महत्व एवं रोजगार के बारे में जानकारी प्रदान की । इसके उपरांत सीनियर वैज्ञानिक डॉ. अमित दुबे ने साईंस एवं रिसर्च से जुडे हुए तत्वों के बारे में बताया। इस कार्यक्रम विभाग के उपलक्ष्य में विभाग के सीनियर विद्याथियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं गेम्स का आयोजन भी किया गया।

कार्यक्रम के कडी को आगे बढाते हुए दूसरे दिन मैट्स विश्वविद्यालय आरंग कैम्पस का भ्रमण करवाया गया साथ ही नए विद्याथीर्यो को नया रायपुर में बने पुरखौती मुक्तांगन भी ले जाया गया । जिससे विद्याथियों को छत्तीसगढ से जुडी संस्कृति के बारे में ज्ञान प्राप्त हुआ ।